




**नवभारत**
भोपाल, मंगलवार 23 दिसंबर, 2025


### एक नजर में




## कॉलेज चलो अभियान के तहत कार्यक्रम

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पुरानी सदर में भूपेंद्र अहिरवार, डॉ. शैलेंद्र पटेल ने छात्राओं को जानकारी दी एवं एमएलबी क्रमांक 2 हुलासी राम मुखारया स्कूल में छात्राओं से संपर्क कर उन्हें महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान की. शैलेश मेमोरियल स्कूल की विद्यार्थियों से अंकुर आनंद रनोदिया ने संपर्क किया. कालेज चलो अभियान प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने बताया कि यह कॉलेज चलो अभियान 5 जनवरी तक जारी रहेगा एवं द्वितीय चरण में स्कूल की छात्राओं को महाविद्यालय का भ्रमण करवाए जाने का प्रावधान है.



## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**सागर.** महिला जैन मिलन शाखा क्रमांक 10, अंकुर कॉलोनी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में थायराइड, शुगर, ब्लड प्रेशर की जाँच तथा छोटे-छोटे बच्चों का स्वर्ण प्राशन किया गया. डॉ. श्रेणिक जैन ने मरीजों की जाँच एवं स्वर्ण प्राशन बच्चों को दिया. इस दौरान धृति जैन, रश्मि जैन,आकांक्षा जैन, नेहा जैन, शालिनी जैन, सुनीता रांधेलिया, प्रतिभा जैन, अर्चना जैन, अमिता जैन, निशी जैन मौजूद थीं.



## क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगे विजयवर्गीय

**बीना.** स्वर्गीय राकेश सिरोठिया स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 24 दिसंबर को नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय करेंगे. विगत कई वर्षों से यह टूर्नामेंट बीना में आयोजित किया जा रहा है. जिसमें एक से बढ़कर एक खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में जहां हिस्सा लेंगे वहीं पर जानी-मानी हस्तियां भी इस टूर्नामेंट को देखने के लिए आते हैं. पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने बताया कि यह टूर्नामेंट 17 दिनों तक चलने की उम्मीद है.



## जरुरतमंदों को कंबल वितरित किए

**सागर.** भारतीय जैन मिलन शाखा मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 ने ठंड में अतिशय तीर्थ क्षेत्र तपोवन सिदगुवां एवं सिद्ध क्षेत्र नैनागिर में कार्यरत कर्मचारियों,मज़दूरों एवं जरुरतमंदों को ठंड में कम्बलों का वितरण किया. सुरेश जैन अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्य अहिंसा, करुणा और परोपकार जैसे जैन सिद्धांतो को व्यवहार में उतारता हैं, इससे असहाय और गरीब लोगों को ठंड से राहत मिलती है. दूसरे चरण में ईशुरवारा, मदनपुर एवं नवागढ़ में कम्बलों के साथ साथ ऊनी कपड़ों का भी वितरण किया जाएगा. इस अवसर पर शिखरचंद्र जैन, अरुण चंदेरिया, राजेश जैन, संजय शक्कर,रविंद्र जैन, हेमचंद्र जैन, पीसी जैन, डालचंद्र जैन, आनंद जैन, प्रेमचंद उपस्थित थे.



## नाम बदलने का कांग्रेस ने किया विरोध

**बंडा.** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर जाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलने का विरोध जताया. पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी ने कहा कि गांधी जी के त्याग व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता .इस अवसर पर रणबीर सिंह ने कहा यदि मनरेगा का नाम बदला गया तो कांग्रेसी दिल्ली तक आंदोलन करेंगे. प्रदर्शन में संतोष सराफ, श्याम करवरिया, सतीश यादव, महेंद्र सिंह, मुकेश जैन, अशोक पापेट , एड. भूपेन्द्र सिंह राजपूत, डीपी मिश्रा, ईश्वरीय शुक्ला, भूपेंद्र सिगदोनी, रानू मिश्रा, चन्द्रभान सिंह, संतोष मिश्रा, नितिन वाजपेई, राजू चौधरी, दीनू घुरैया, राममिलन श्रीवास्तव, संतोष यादव, राजुल सिंह, पवन लोधी, धनीराम अहिरवार, लखन अहिरवार, शिबू नामदेव सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे.

## नई पल्सर की लांचिंग की गई



**ललितपुर.** आनंद ऑटो मोबाइल्स के शो रूम पर नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन व्यापार मंडल के प्रदेश चेयरमेन महेंद्र मयूर ने नई पल्सर 160-एन को लांच किया. आनंद बजाज के संचालक सतीष जैन बंटी ने नई गाड़ी के बारे में अवगत कराया. कार्यक्रम में जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन अंचल अतिशय तीर्थ क्षेत्र देवगढ़ अध्यक्ष, लखन अग्रवाल, राजीव सुडले, सन्मति सराफ, मोनू जैन सहित स्टॉफ उपस्थिति रहे.

# छात्रावास में किचिन गार्डन बनाएं

### छात्रावास की गुणवत्ता में सुधार के लिए बच्चों को गुणवत्ता युक्त एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएं

नवभारत न्यूज

**सागर 22 दिसंबर. कलेक्टर संदीप जी आर ने शासकीय जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास, महाराजपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया.**

इस दौरान उन्होंने छात्रावास की समस्त व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और छात्रों से रू-ब-रू होकर उनकी समस्याएं सुनीं. निरीक्षण के समय कलेक्टर ने छात्रावास परिसर में साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल व्यवस्था, बिजली-प्रकाश, शौचालय आदि की स्थिति का जायजा लिया. छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उन्होंने उनके रहन-सहन, पढ़ाई और अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली. बच्चों द्वारा बताई




गई छोटी-मोटी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए. छात्रावास की रंगाई पुताई के साथ साथ साफ-सफाई एवं छात्रावास परिसर में कीट रोधी एवं मच्छररोधी दवा के छिड़काव करने के भी निर्देश दिए. कलेक्टर ने छात्रावास की गुणवत्ता में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्रावास में बच्चों को गुणवत्तायुक्त एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक बार छात्रावास में आकर बच्चों के साथ बैठकर भोजन करें तथा स्वयं भोजन की गुणवत्ता की जांच करें. उन्होंने छात्रावास प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि छात्रावास में निर्धारित मेन्यु के अनुसार ही भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान उन्होंने छात्रावास के रसोई घर का भी निरीक्षण किया. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, देवरी एसडीएम मुनव्वर खान उपस्थित थे.

> कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास में पौष्टिक खाना उपलब्ध हो इसके लिए किचन गार्डन तैयार कराएं जिसमें पालक, लौकी, मुनगा, धनिया, गिल्की सहित अन्य पौष्टिक सब्जियों का उत्पादन करें और पौष्टिक भोजन तैयार कराएं. रंगीन रोटी भी उपलब्ध कराएं जिसमें चुकंदर, पालक का उपयोग हो.



## खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवभारत न्यूज

**रहली 22 दिसंबर. द अबोड स्कूल ऑफ ड्रीम्स के तत्त्वावधान मे इनडोर स्टेडियम में प्रथम एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया.**

गेस्ट ऑफ ऑनर अभिषेक भार्गव मुख्यातिथि एसडीएम कुलदीप पाराशर, विशिष्ट अतिथि जिला न्यायाधीश दिनेश देवड़ा, एसडीओपी प्रकाश मिश्रा, जेलर गणेश सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य प्रवीण श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुआ. विद्यालय के छात्रों ने अभिनव एवं अपूर्व रीति से पंचतंत्र की प्रसिद्ध कहानियों पर आधारित बहुत मनमोहक खेल एवं दौड़ गतिविधियों का प्रदर्शन किया. विशिष्ट अतिथियों का द अबोड स्कूल ऑफ ड्रीम्स के फाउंडर्स द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया. सभी छात्रों को स्कूल परिवार की ओर से उन्हें मैडल देकर सम्मानित किया गया. स्कूल संचालक कीर्ति नेमा ने बताया कि बच्चों को खेल में शिक्षित करें एवं कैसे पंचतंत्र की सामान्य सी दिखने वाली मनोरंजक कहानियों सिर्फ सुनें, शिक्षाओं को भी अपने जीवन में सहजता से अपनाएं.

## निबंध-पोस्टर प्रतियोगिता हुई




नवभारत न्यूज

**सागर 22 दिसंबर. दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर व्याख्यानमाला, निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. एल.एल. श्रीवास्तव ने कहा कि जीरो तथा वन वाय टू के मध्य ही दुनिया समाहित है. डॉ रामकुमार तिवारी ने वैदिक गणित का महत्व बताते हुये गणित की साधना को ईश्वर की साधना के बराबर बताया. डॉ अमर कुमार जैन ने संचालन किया. छात्रा निदा खान, विशाखा केशरवानी, प्रतिभा साहू, पूजा राय ने संबोधित किया. अध्यक्षता डॉ रंजना मिश्रा ने की. कार्यक्रम का आभार संयोजक संतोष कुमार सेन ने माना.

## गणित दिवस पर एडिना में व्याख्यान आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 22 दिसंबर.एडिना इंजीनीयरिंग कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया.**

डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार जैन ने गणित दिवस को मनाने के महत्तव पर प्रकाश डाला. चेयरमेन राजेश जैन ने संस्था में हो रहे नवाचार एवं शिक्षा प्रणाली पर विस्तार से बताया. विद्यार्थियों के द्वारा पोस्टर एवं शोधपत्रों का प्रकाशन किया एवं गणित दिवस पर क्विज में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं गिफ्ट से सम्मानित किया गया.




> मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर शुक्ला, विशेष अतिथि डॉ. राम किशोर पांडे,जगदीश शुक्ला ने श्रीनिवास रामानुज जी की नंबर थ्योरी विषय पर व्याख्यान दिया. कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अभिषेक जैन ने गणित दिवस के आयोजन एवं कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी. प्रभारी अनुराग सिंह ने आभार व्यक्त किया .संचालन श्रीमति रितु पारासर ने किया. कार्यक्रम में रोहित जैन, सुयश जैन,हर्षिता जैन, मंशा जैन, डॉ प्रतीक जैन, डॉ विवेक जैन, इंजी. राजकुमार यादव, अनिमेष अवस्थी, रजनीश पचोरी, दीपाली साहू, प्रखर दुबे, देवेन्द्र पटैल, सीमा मालवीया, राजीव पटेल, वैभव जैन, दानिस अनवर, मधू विश्वकर्मा मौजूद थे.

## आगजनी की घटना की उच्च स्तरीय जांच कराएं

**सागर.** नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखकर ग्राम चांदामऊ में घटित भीषण आगजनी घटना की उच्च स्तरीय जांच दल गठित कर निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है. विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि चांदामऊ निवासी मुकेश आठिया के आवास पर भीषण आगजनी की घटना घटित हुई, आगजनी घटना में दो नाबालिक बच्चे आग से जलकर मृत हो गए थे एक पुत्री गंभीर रूप से घायल है जिनका इलाज अभी जारी है.

## पूजा-पाठ तभी सार्थक जब हृदय करुणा से भरा हो

नवभारत न्यूज

**सागर 22 दिसंबर. सहजपुर में आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने कहा कि हमारी पूजा पाठ त्याग तपस्या तभी सार्थक है जब हमारा हृदय दया और करूणा से भरा हुआ हो.**

उन्होंने कहा कि प्राणी जगत में मनुष्य का स्थान सर्वश्रेष्ठ है, लेकिन जब-जब मनुष्य के लिये उपमा दी जाती है तो कहा जाता है कि यह शेर जैसा पराकृमी,चीता जैसा चपल, हिरण जैसा सुंदर, हाथी जैसी चाल, घोड़े जैसी शक्ति और गाय जैसा सीधापन, इसका मतलब तो यह हुआ कि पशु कयी



अर्थों में हमसे बेहतर है, फिर आदमी किस काम का जबकि अन्य प्राणी जीते जी जब हमसे बेहतर है और मर जाने के उपरांत उनकी खाल भी काम आती है, तो मनुष्य सर्वश्रेष्ठ कैसे? प्रश्न का उत्तर देते हुये कहते है कि मनुष्य को इसलिये श्रेष्ठ कहा गया क्योंकि वह धर्म धारण करने की शक्ति रखता है, यंहा धर्म विहीन मनुष्य की तुलना पशु से की गई है.

मुनि संघ का मंगल विहार सहजपुर से हुआ रात्रि विश्राम बीनावारह में होकर प्रात: विहार एवं आहार चर्या देवरी में होगी उपरोक्त जानकारी मुनिसंघ के प्रवक्ता आविनाश जैन द्वारा दी गई है.

## माध्यमिक शिक्षक निलंबित

**सागर.** बीना विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला किरोंद, विकासखंड बीना की माध्यमिक शिक्षक श्रीमती प्रतिभा राय को निलंबित कर दिया गया है. अधिकृत जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मे श्रीमती राय माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला किरोंद विकासखंड बीना द्वारा कहा जा रहा है कि वह 23 जिलों में रेत का कारोबार चला रहीं है, श्रीमती राय वीडियों में कह रहीं है कि पूरे जिले में रेत के अवैध कारोबार को कंट्रोल करती हैं, संबंधित रेत का खनन करने वाली निजि कंपनी से जुड़ा हुआ बतला रहीं हैं.

## खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह का निधन

नवभारत न्यूज

**सागर 22 दिसंबर. खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मोकलपुर का बीती रात निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार आज किया गया.**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. श्री सिंह का निधन अपूरणीय क्षति है, उन्होंने अपने जीवन जनसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया. कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अंतिम संस्कार स्थल पर स्व. मोकलपुर के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. इसके उपरांत उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी



संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. श्री सिंह ने हम सभी को मजबूत करने के साथ-साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने श्री सिंह के निधन पर शोक संवेदना संदेश में कहा है कि श्री सिंह के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है.



## एनएसएस सर्टिफिकेशन कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 22 दिसंबर. बीटीआईआरटी कॉलेज में एनएसएस का बी सर्टिफिकेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में छात्रों ने परीक्षा दी और इंटरव्यू के बाद उन्हें एनएसएस का बी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अधिकारी डॉ मयंक रूसिया, आरसी प्रजापति, संस्था अध्यक्ष संतोष जैन घड़ी, सचिव डॉ सत्येंद्र जैन, रजिस्ट्रार डॉ तरुण कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ वीरेश फुसकेले, गजेंद्र सिंह परमार, पूर्व एनएसएस अधिकारी शेख शाहिद, एनएसएस अधिकारी, रामू मिश्रा, हेमंत जैन,मनीष संघी, इंजी. भूपेंद्र नामदेव, दीपक रैकवार उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि ने बी सर्टिफिकेट और सी सर्टिफिकेट के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की.

> इस सर्टिफिकेट की उपयोगिता और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई एनएसएस सर्टिफिकेट के लाभ राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग लेने से छात्रों को समाज सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ती है व्यक्तित्व विकास में मदद मिलती है, नौकरी के अवसर में वृद्धि होती है शैक्षिक योग्यता में वृद्धि होती है. मुख्य अतिथियों को सचिव डॉ सत्येंद्र जैन द्वारा मोमेंटो भेंट किया गया.

## स्वदेशी मेला आज से

**सागर.** शहर में तीसरी बार स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु 23 दिसंबर से 4 जनवरी पीटीसी ग्राउंड में स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 200 से अधिक स्वदेशी स्टाल लगेंगे. स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने एवं मेला टोली ने पीटीसी ग्राउंड में स्थल का निरीक्षण किया और तैयारी का जायजा लिया. कपिल मलैया ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा देश में 600 से अधिक मेलों का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा चुका है. मेले में गगनचुंबी झूले होंगे एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. साथ ही स्वावलंबी गांव का निर्माण किया जा रहा है.

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी बैठक

नवभारत न्यूज

**खुरई 22 दिसंबर. मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के आगामी 8 जनवरी का खुरई दौरा लगभग साढ़े तीन घंटे का होगा. मुख्यमंत्री हेलीपेड से नेहरू स्टेडियम स्थित सभास्थल तक रैली के रूप में पहुंचेंगे.**

यह जानकारी पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डा. यादव के खुरई आगमन की तैयारियों हेतु आयोजित बैठकों में दी. श्री सिंह ने फूल मालाओं, पुष्प गुच्छों, शाल से स्वागत करवाना बंद करके उसके एवज में बच्चों की शिक्षण सामग्री, गरीबों को कंबल,फल आदि सामग्री से स्वागत कराने की परंपरा की. लगभग 50 हजार की शिक्षण सामग्री, कंबल आदि एकत्रित सामान स्कूली बच्चों, गरीब महिलाओं के बीच वितरित कराया.



> पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित सांसद खेल महोत्सव के विकासखंड खंड स्तरीय समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे. उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तथा नगरपालिका सभाकक्ष में पार्षदों की बैठक ली. मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी बैठक में श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम 11 बजे आरंभ हो जाएगा. मुख्यमंत्री गल्लामंडी के नजदीक स्थित मैदान में बने हेलीपेड पर उतरेंगे. रैली के रूप में नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, महाकाली, झंडा चौक होते हुए सभास्थल पहुंचेंगे. उन्होंने सभी पार्षदों से अपने वार्डों में कार्यक्रम की सूचना एवं स्वागत के फ्लेक्स , दीवार लेखन आदि के साथ सभी को स्वागत और सूचित करने का काम प्रारंभ करें. श्री सिंह ने सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों से बैठक में कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में चल रहे अपने विभाग से संबंधित ऐसे सभी विकास कार्यों की सूची बना कर एसडीएम मनोज चौरसिया के पास प्रस्तुत करें, जो भी कार्य पूर्णता की ओर हैं उन्हें 15 दिवस के भीतर पूर्ण करते हुए लोकार्पण सूची में शामिल करें.

**क्रिकेट में मिली पहचान** ▶ **सागर डिवीजन सीनियर टीम के कप्तान अक्षत रघुवंशी**

# आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे होनहार बल्लेबाज अक्षत

नवभारत न्यूज

**सागर 22 दिसंबर. सागर डिविजन सीनियर टीम के होनहार बल्लेबाज अक्षत रघुवंशी को आईपीएल ऑक्शन में लखनऊ सुपरजायंट्स ने 2 करोड़ 20 लाख रुपए में अपने दल में शामिल किया. यह उपलब्धि न सिर्फ अक्षत की मेहनत का परिणाम है, बल्कि सागर संभाग क्रिकेट की राष्ट्रीय पहचान का भी प्रमाण है.**



जानकारी के अनुसार अक्षत रघुवंशी ने रणजी ट्रॉफी 2021-22 सत्र में अपना डेब्यू किया था.

डेब्यू के बाद ही उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और लंबे इतिहास के बाद मध्यप्रदेश की पहली रणजी ट्रॉफी विजेता टीम का हिस्सा बने. रणजी ट्रॉफी में 2022 में मेघालय के खिलाफ डेब्यू मैच में शतक जड़कर अक्षत ने संकेत दे दिया था कि वे लंबे रेस के खिलाड़ी हैं.

अक्षत ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022-23 में टी-20 क्रिकेट में पदार्पण किया. सीमित ओवरों के फॉर्मेट में भी उन्होंने तकनीक और आक्रामक बल्लेबाजी का बेहतरीन संतुलन दिखाया, जिससे वे चयनकर्ताओं की पसंद बने. मप्र प्रीमियर लीग में अक्षत रघुवंशी ने इंदौर पिंक पैंथर्स की कप्तानी की. इस लीग में उन्होंने कई ताबड़तोड़ शतक जड़े और बतौर कप्तान टीम को मजबूती दी.

बताया गया कि वर्तमान में अक्षत सागर डिविजन सीनियर टीम के कप्तान हैं और परमानंद भाई पटेल ट्रॉफी में सागर टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. उनके नेतृत्व में टीम ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है.

> टीम कोच कुलप्रीत सिंह पन्नू ने कहा अक्षत का आईपीएल तक पहुँचना सागर संभाग के हर युवा खिलाड़ी के लिए प्रेरणा है, यह साबित करता है कि छोटे शहरों से भी बड़े मंच तक पहुँचा जा सकता है. सागर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो. के.एस. पित्रे और प्रेसिडेंट नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि यह चयन वर्षों की सुनियोजित तैयारी, पारदर्शी चयन प्रक्रिया और खिलाड़ियों को मिले निरंतर अवसरों का परिणाम है. सचिव पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने इसे पूरे सागर डिविजन क्रिकेट परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया. वहीं उपाध्यक्ष रघुनंदन त्रिपाठी एवं विनय शुक्ला ने भी अक्षत को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं.